14 साल की उम्र में जिस तरह वैभव बल्लेबाजी कर रहा है, वह हैरान करने वाला है। अगर वह अभी ऐसा खेल रहे हैं, तो 16, 18 या 20 साल की उम्र में कितना आगे जाएंगे, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। – जोस बटलर

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज, वैभव की बल्लेबाजी की तारिफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **वानिंदु हसरंगा**

श्रीलंका स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी20 विश्व कप 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। एमआरआई स्कैन में उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट का पता चलने के बाद हसरंगा अब टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एमआरआई रिपोर्ट को यूके के एक विशेषज्ञ ने पहले ही देख लिया था। फिलहाल, श्रीलंका टूर्नामेंट में उनकी जगह दुशान हेमंथा को शामिल कर सकता है। हसरंगा अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझते हुए भी गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए।

क्या आप जानते हैं ?... आईसीसी विश्व कप में दोनों टीमें 16 मैचों में आमने-सामने हुई हैं, जिनमें से भारत ने 15 मैच जीते हैं।

आईसीसी का बड़ा फैसला! भारत में खेलने से इंकार पर बांग्लादेश को नहीं मिलेगी कोई सजा

नई दिल्ली, 10 फरवरी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ किसी भी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई न करने का निर्णय लेकर क्रिकेट जगत के मौजूदा तनाव को कम कर दिया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में आईसीसी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार करने के बावजूद बांग्लादेश पर कोई आर्थिक या प्रशासनिक दंड नहीं लगाया जाएगा। आईसीसी ने कहा कि बीसीबी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच खेलने से इनकार किया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'' इस पर रजामंदी बनी है कि मौजूदा मसले के संदर्भ में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर किसी तरह का आर्थिक, खेलसंबंधी या प्रशासनिक दंड नहीं लगाया जायेगा।'' बीसीबी को विवाद निपटान समिति के पास जाने का अधिकार है। आईसीसी के मौजूदा नियमों के तहत यह अधिकार बरकरार है।'' आईसीसी ने कहा कि उसका नजरिया निष्पक्षता और समानता के सिद्धांतों पर आधारित है और यह सजा देने के बजाय मदद करने के साझा मकसद को दिखाता है। आईसीसी ने यह भी कहा कि बांग्लादेश को 2028 से 2031 के बीच में एक आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दी जायेगी।

सुरक्षा कारणों से हटा था बांग्लादेश : गौरतलब है कि सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बांग्लादेश ने भारत में मैच खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद उनकी जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। आईसीसी के इस लचीले रुख को वैश्विक क्रिकेट कूटनीति में एक बड़े ''शांति प्रयास'' के रूप में देखा जा रहा है।

अंशुल गढ़वाल के ताबड़तोड़ दोहरे शतक से जयपुर डिविजन जीती

213 रन की पारी खेली 65 बॉल में

जयपुर, 10 फरवरी। जयपुर स्थानीय रेलवे ग्राउंड पर चल रहे इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट के दिन के दूसरे मुकाबले में जयपुर डिवीजन ने अजमेर वर्कशॉप को 144 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुर डिवीजन ने रिकॉर्ड 311 रन बनाएं। जिसमें अंशुल गढ़वाल के ताबड़तोड़ दोहरे शतक 213 रन मात्र 67 बोल 24 छक्के 12 चौके व आकाश साहू ने 46 रन बनाए। गेंदबाजी में अजय ,कार्तिक, राहुल ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अजमेर वर्कशॉप 167 रन ही बना पाई। जिसमें तुषार ने 39 रन व कार्तिक मैक्सवेल ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में गौरव मीना व सीपी जाट ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच अंशुल गढ़वाल। सर्वाधिक स्कोर रेलवे क्रिकेट ग्राउंड गणपति नगर का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर जो की आज अंशुल गढ़वाल ने 213 रन की पारी खेली 65 बॉल में यह हमारे रेलवे क्रिकेट ग्राउंड का बहुत बड़ा अचीवमेंट है।

अजमेर डिविजन अपनी गेंदबाजी के दम से आरपीएफ टीम को हराया : अजमेर डिविजन अपनी गेंदबाजी के दम से आरपीएफ टीम को हराया। जिसमें प्रहलाद बागड़ा की घातक गेंदबाजी रही। जयपुर के स्थानीय रेलवे ग्राउंड पर हो रहे इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट के दिन के पहले मैच में अजमेर डिवीजन ने आरपीएफ को 9 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ की टीम 78 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जिसमें ओपी सैनी ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रहलाद बागड़ा ने 3 विकेट व अफरोज, शैलेंद्र व प्रदुमन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अजमेर डिवीजन ने 9.3 ओवर में 81 रन बनाकर जीत दर्ज की। जिसमें निखिल डोरू ने 29 रन व जावेद खान ने 28 रन व एसपी सुवालका ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में संदीप दलाल ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच प्रहलाद बागड़ा ।

नामीबिया के खिलाफ अभिषेक का खेलना मुश्किलःपेट की समस्या से जूझ रहे, बुमराह की वापसी तय

नई दिल्ली, 10 फरवरी। नामीबिया के खिलाफ भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। मंगलवार को मैच से दो दिन पहले दिल्ली में टीम इंडिया का पहला ट्रेनिंग सेशन हुआ, लेकिन अभिषेक मैदान पर दिखाई नहीं दिए। बताया जा रहा है कि वे पेट से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं और अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं।

भारत को नामीबिया के खिलाफ 12 फरवरी को मुकाबला खेलना है। टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने जानकारी दी कि अभिषेक को पेट में परेशानी है। टीम मैनेजमेंट भी उन्हें लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। बुधवार को होने वाला अगला ट्रेनिंग सेशन उनकी मैच फिटनेस को लेकर अहम माना जा रहा है।

बुमराह की वापसी तय

इस बीच जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर राहत भरी खबर आई है। टेन डेशकाटे ने बताया कि बुमराह ने करीब 10 दिन बाद गेंदबाजी शुरू की है। वे पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनकी मूवमेंट में भी सुधार दिखा है।

आईसीसी ने पाकिस्तान विवाद का निकाला बहुत अच्छा समाधान : राजीव शुक्ला

नई दिल्ली , 10 फरवरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया।बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने बहिष्कार की अपील वापस लेने का फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

शुक्ला ने पत्रकारों से कहा, ''मैं बीसीसीआई की तरफ से आईसीसी अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना

चाहता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है।''

उन्होंने कहा, ''यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब विश्व कप को बड़ी सफलता मिलेगी। जहां तक आईसीसी का सवाल है तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी आईसीसी की प्रशंसा की है। उसने सभी पक्षों की बात सुनी और सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया।''

शुक्ला ने आगे कहा, ''आखिर में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है।'' बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने ढाका में बयान जारी किया था जिसमें पाकिस्तान से बहिष्कार वापस लेने की अपील की गई थी। इसके बाद यह तय हो गया था कि पाकिस्तान बहिष्कार वापस ले लेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने भी फोन पर बात की, जिन्होंने उनसे टीम को मैच खेलने की अनुमति देने का आग्रह किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने आईसीसी के साथ अपनी बातचीत के बारे में शरीफ को जानकारी दी इसके बाद पाकिस्तान की सरकार ने बयान जारी करके अपनी टीम को यह मैच खेलने की अनुमति प्रदान की थी।

आईसीसी ने इस मुद्दे पर कुछ रियायतें देते हुए बांग्लादेश पर कोई जुर्माना न लगाने का फैसला किया, जिसे सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करने के बाद विश्व कप से बाहर होना पड़ा था। इससे पहले पाकिस्तान ने कहा था कि वह भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा।

इसे बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने से जुड़ा राजनीतिक विरोध माना जा रहा था। आईसीसी ने बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से अपने मैच भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को दे दी गई थी।

पाकिस्तान के यू-टर्न के बाद बड़ा बयान

टी20 विश्व कप में भारत से जीतना मुश्किल-सौरव गांगुली

नई दिल्ली , 10 फरवरी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने 15 फरवरी को कोलंबो में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की और भारतीय टीम के अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम भी बताए। पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के मैच पर प्रतिक्रिया देते हुए गांगुली ने कहा कि यह विश्व कप का एक बड़ा मुकाबला होगा। मैच 15 फरवरी को है, पाकिस्तान के लिए भारत को हराना आसान नहीं होगा। भारत एक बहुत अच्छी टीम है।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार द्वारा सोमवार को दिए गए निर्देश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में मौजूदा चैंपियन भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के लिए मैदान में उतरने का निर्देश दिया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को

पीसीबी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के परिणामों से अवगत कराया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने पहले बांग्लादेश के समर्थन में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ समूह चरण के विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। बांग्लादेश को आईसीसी द्वारा सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत से बाहर मैच आयोजित करने के अनुरोध को अस्वीकार करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से भी चुनौतीपूर्ण समय में देश के समर्थन पर चर्चा की। आईसीसी और अन्य देशों के साथ चर्चा के बाद, पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने का निर्देश दिया है।

डी कॉक ने धोनी की बराबरी की

नई दिल्ली, 10 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार को 3 मुकाबले में खेले गए। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा डिसमिसल करने के मामले में महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली। वहीं बल्लेबाजी में स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुन्से अपनी टीम के लिए टॉप स्कोरर बन गए। टूर्नामेंट के पहले मैच में स्कॉटलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 73 रन से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने ओमान पर 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से मात देकर अपने अभियान की शुरुआत की।

सूर्यकुमार की टीम की मांग खारिज, बीसीसीआई ने फैमिलि पॉलिसी पर दिखाए कड़े तेवर!

नई दिल्ली, 10 फरवरी। मौजूदा चैंपियन भारत, श्रीलंका के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टी20 टीम ने मांग की है कि टूर्नामेंट के दौरान उनके परिवार को भी साथ यात्रा करने की अनुमति दी जाए। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया है, लेकिन भारतीय बोर्ड की ओर से अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पिछले साल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद, बीसीसीआई ने संशोधित यात्रा नीति लागू की थी, जिसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों के ठहरने की अधिकतम अवधि दो सप्ताह तय की गई थी। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित थी। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी लंबे विदेशी दौरों के दौरान क्रिकेटरों के परिवारों की उपस्थिति सीमित करने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा था कि खिलाड़ियों को यह समझना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

गंभीर ने जुलाई 2025 में कहा था कि परिवारों की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए हैं। यह छुट्टी नहीं है। आप यहां एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग ऐसे हैं जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है। ग्रुप ए के अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने अमेरिका को 29 रनों से हराया, जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मात्र 49 गेंदों पर नाबाद 84 रनों की मैच-विनिंग पारी खेली।

अब, भारतीय टीम 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ अपने अगले मैच के लिए दिल्ली में है। इसके बाद वे 15 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित विश्व कप मैच खेलने वाले हैं, और फिर 18 फरवरी को नीदरलैंड्स के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज मैच के लिए अहमदाबाद रवाना होंगे।

टी20 विश्व कपः यूएई के 173 रन भी पड़े कम, न्यूजीलैंड ने रिकॉर्ड साझेदारी से जीता मैच

नई दिल्ली , 10 फरवरी। मंगलवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात पर दबदबा कायम किया। मिचेल सैंटनर की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड ने 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए 28 गेंद शेष रहते यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। टिम सीफर्ट (42 गेंदों पर 89 रन नाबाद) और फिन एलन (50 गेंदों पर 84 रन नाबाद) नाबाद रहे और न्यूजीलैंड ने मात्र 15.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस विश्व कप में न्यूजीलैंड ने दो मैचों में दो जीत के साथ अब तक अपराजित है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने पांच चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि सीफर्ट ने 12 चौके और तीन छक्के जड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिए 175 रनों की साझेदारी की, जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। 2011 से चेन्नई में किसी भी प्रारूप में अपराजित रही न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी पूरी ताकत दिखाई। उन्होंने दूसरे ओवर में ही तेज गति पकड़ ली और लगभग पूरे मैच में यही लय बनाए रखी। सीफर्ट और एलन की आक्रामक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले छह ओवरों में 78 रन बनाकर 0 विकेट गंवा दिए, जिसमें छठे ओवर में 20 रन शामिल थे। यह कीवी टीम के लिए यूएई की उलटफेर की किसी भी उम्मीद को खत्म करने के लिए बिल्कुल सही शुरुआत थी।

इससे पहले, यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विश्व कप का अपना पहला मैच खेलते हुए, यूएई ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 173 रन बनाकर 6 विकेट गंवा दिए। आर्यनश शर्मा के जल्दी आउट होने के बावजूद, यूएई ने पावरप्ले में 50 रन बनाकर 1 विकेट गंवा दिए, क्योंकि कप्तान वसीम और अलीशान शरफू ने कुछ बड़े छक्कों से दबाव कम किया। उन्होंने 107 रनों की साझेदारी की, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में यूएई के लिए दूसरी सबसे बड़ी विकेट साझेदारी है। केरल में जन्मे शरफू ने पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से महज 47 गेंदों में 55 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दो त्वरित विकेट लेकर यूएई को दबाव में ला दिया। कप्तान मिशेल सैंटनर ने शराफू को आउट किया, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने हर्षित कौशिक को 10 गेंदों और पांच रनों के भीतर पवेलियन भेजकर यूएई का स्कोर 124/3 कर दिया। इस झटके के बावजूद, वसीम ने रनों की बारिश जारी रखी। यूएई के कप्तान ने अंत तक बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों में नाबाद 66 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। मयंक कुमार ने भी 21 रनों की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली।

बास डी लीडे का ऑलराउंड धमाल, नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली , 10 फरवरी। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 10वें मैच में, बास डी लीडे के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान से पहले मैच में मिली करीबी हार के बाद, नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर शानदार जीत के साथ टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों पर फिर से सवार हो गया। इस जीत के सूत्रधार बास डी लीडे रहे, जो नीदरलैंड्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने गेंद से नामीबिया को ध्वस्त कर दिया (3 ओवर में 2/20) और फिर पांच चौकों और चार छक्कों सहित 48 गेंदों पर शानदार नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर नीदरलैंड्स को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। हले फील्डिंग करने का विकल्प चुनते हुए, डच गेंदबाजों को तुरंत सफलता मिली क्योंकि आर्यन दत्त (3 ओवर में 1/13) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप को जल्दी आउट कर दिया। पावरप्ले में नामीबिया को लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा और 6 ओवर के बाद उसका स्कोर मात्र 40/1 रहा। जान निकोल लॉफ्टी-ईटन (38 गेंदों में 42 रन) और जान फ्रायलिंक (26 गेंदों में 30 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन नीदरलैंड की अनुशासित गेंदबाजी ने रन रेट को नियंत्रण में रखा।

कोच भर्ती रद्द करना सरकार की नीयत पर बड़ा सवाल-गिरिराज

जयपुर, 10 फरवरी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रशिक्षक ग्रेड-तृतीय के 128 पदों की भर्ती को अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर रद्द किया जाना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह प्रदेश के हजारों प्रशिक्षित कोचों और उभरते खिलाड़ियों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है।

जयपुर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (खेल-कूद) प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रहे गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि यह निर्णय बताता है कि सरकार और खेल प्रशासन के लिए खेल व खिलाड़ी प्राथमिकता नहीं, बल्कि बोझ बन चुके हैं। 1 अक्टूबर 2023 को जारी भर्ती विज्ञापन को बिना ठोस कारण बताए रद्द करना, वर्षों से इंतज़ार कर रहे योग्य कोचों की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

खेल परिषद की अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल संपन्न

जयपुर, 10 फ़रवरी। मंगलवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की आठ दिवसीय चयन ट्रायल का अंतिम दिन था।राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि बालिका वालीबॉल अकादमी-जयपुर, बालक वालीबॉल अकादमी-झुंझुनू, बालिका आवासीय खेल संस्थान (बॉक्सिंग खेल)-जयपुर, बालिका आवासीय खेल संस्थान (भारोत्तोलन खेल)-जयपुर के लिये स्किल टेस्ट हुए। इन खेलो के लिये राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा गठित चयन समिति ने पूरी बारीकी से सब पर नज़र रखी।

नैना क्रिकेट एकेडमी की जीत में आशिष, आरव व निश्चल चमके

जयपुर, 10 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मैच में निश्चल शर्मा 43 रन की जिम्मेदार पारी तथा आशिष प्रजापत 25 व 13 रन पर 3 विकेट के ऑल राउण्ड प्रदर्शन तथा आरव चौधरी 17 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एनबी. क्रिकेट एकेडमी को 108 रन से हराकर फाईनल में प्रवेश किया जंहा उसका मुकाबला कल तारिक क्रिकेट एकेडमी से बुद्धवार 11 फरवरी को नैना एकेडमी ग्राउण्ड जगतपुरा में होगा। टॉस जीतकर एन.बी क्रिकेट एकेडमी ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया लेकिन गैदबाजों की मददगार पिच पर नैना एकेडमी के बल्लेबाज निश्चल शर्मा 43 रन उरमित सिंह 26 रन आशीष प्रजापत 25 रन अव्याशं शर्मा 20 रन आरव चोधरी 18 रन को छोडकर अन्य कोई बल्लेबाज बडी पारी खेलने में विफल रहा और रोहन मीणा 44 रन पर 3 विकेट समर्थ सचदेव 37 रन पर दो विकेट विहान जैन 30 रन पर 2 विकेट लक्षित 27 रन पर 2 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष 34.4 ओवर में 184 रन पर सिमट गये।

रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट

जिंदल पोलो टीम बनी रैफल्स सिरमौर कप के पहले मैच की विजेता

जयपुर, 10 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित हो रहे रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) के लिए पहला मैच मंगलवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला गया। यह रोमांचक मुकाबला टीम जयपुर अरावली और जिंदल पोलो टीम के बीच हुआ, जिसमें जिंदल पोलो टीम ने जयपुर अरावली को 13-12 के स्कोर से पराजित किया। 14 गोल के हाई गोल टूर्नामेंट होने के कारण मैच में 6 चक्कर खेले गए। परंतु, दोनों टीमों के बराबरी के स्कोर होने पर एक अतिरिक्त 7वां चक्कर खेला गया। इस आखिरी चक्कर में जिंदल पोलो टीम 1 गोल के एडवांटेज से विजेता रही, जिससे यह मुकाबला अधिक दिलचस्प बन गया।

विजेता टीम जिंदल पोलो से मैक्स चार्ल्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 गोल किए। वहीं, सिद्धांत शर्मा ने 3 गोल और वैंकटेश जिंदल ने 2 गोल किए। टीम से सिमरन शेरगिल भी खेले। दूसरी ओर, टीम जयपुर अरावली से हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और लांस वॉटसन ने बेहतरीन खेला। लांस वॉटसन ने टीम के लिए 5 गोल हासिल किए, तो वहीं, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 4 गोल किए। टीम से मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने 2 गोल और प्रताप सिंह कानोता ने 1 गोल हासिल किया।

आज का मैच : टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बुधवार 11 फरवरी को आरपीसी ग्राउंड पर कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स के बीच होगा। टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से अशोक चांदना, कुलदीप सिंह राठौड़, मैनुअल प्रराडो और माटियास वायल खेंलेगे। वहीं, टीम विमल एरियन अचीवर्स में शमशीर अली, डेनियल ओटामेंडी, अलेजो अरामबुरु सहित एक अन्य खिलाड़ी शामिल होंगे।

एसआर कल्ला टीम विजयी

जयपुर, 10 फरवरी। डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की आयोजन समिति के सदस्य डॉ अशोक चौधरी और डॉ युवराज ने बताया की डीपीएल के मैच में आर के हॉस्पिटल टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में 6 विकेट के नुक़सान पर 187 रन बनाए। मैन ऑफ़ द मैच डॉ निहाल सिंह ने 47 रन , डॉ महेंद्र सिंह ने 56 रन और डॉ राजेंद्र ने 32 रन बनाये ।डॉ हिमांशु ने 3 विकेट लिए ।जवाब में एसआरके टीम 7 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बना पायी । डॉ निहाल सिंह ने 3 विकेट और डॉ छपोला ने 2 विकेट लिए । एक अन्य मैच में देशबंधु ई एन टी टीम ने 8 विकेट के नुक़सान पर 155 रन बनाये । डॉ राहुल ने 60 रन और डॉ आशीष सैनी ने 31 रन बनाये ।डॉ पंकज विजय ने 2 विकेट लिए । परंतु एस आर कल्ला टीम ने 6 विकेट के नुक़सान पर 19 ओवर्स में लक्ष्य हासिल कर लिया । मैन ऑफ़ द मैच डॉ सुनील सहारण ने 48 रन और डॉ शाहरुख़ ने 35 रन और डॉ मयंक ने 28 रन बनाये।

सुराना एकेडमी व चंबल स्पोर्ट्स जीते

जयपुर, 10 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित व वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सुराना एकेडमी ने सभा क्लब को 4 विकेट से हराया तथा जयपुरिया ग्राउंड पर खेले गए मैच में चंबल स्पोर्ट्स ने यूनियन क्रिकेट क्लब को 21 रनो से हराया।

आज प्रातः के एल सैनी स्टेडियम पर सुराना एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले सबा क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सबा क्लब ने मोहम्मद जैद के 25 रन, लोकेश सैनी के 86 रन, मोहित भगतानी के 78 रन, गौरव सालवी के 35 रनो से 50 ओवर में 7 विकेट पर 273 रन बनाए। सुराना एकेडमी के लिए आदित्य झाला ने 53 पर 3, अभिषेक यादव ने 58 पर 2, ऋषभ मोदी व आर्यमन कटारिया ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में सुराना एकेडमी ने आर्यमन कटारिया के 30 रन, दिव्यांशु गौड़ के 34 रन, आदित्य झाला के 67 रन, अभिषेक यादव के 35 रन, आर्यमन शर्मा के 51 रन नाबाद व हर्ष परवानी के 37 रन नाबाद से 48.2 ओवर में 6 विकेट पर 274 रन बना कर 4 विकेट से मैच जीत लिया। सबा क्लब के लिए गौरव सालवी में 53 पर 4, सुमित भगेरिया व मोहित अग्रवाल ने एक - एक विकेट लिया।

दूसरे मैच में जयपुरिया ग्राउंड पर यूनियन क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले चंबल स्पोर्ट्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। चंबल स्पोर्ट्स ने गौरव सैनी के 39 रन, अमन शेखावत के 33 रन, तोषित भाटिया के 29 रन, हिमान्य भारद्वाज के 53 रन नाबाद से 40.4 ओवर में 197 रन बनाकर आउट हो गई। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए आदित्य टांक ने 45 पर 3,

दीपक चौधरी ने 16 पर 2, लोकेश शर्मा ने 40 पर 2, अशोक स्वामी ने 34 पर 2 विकेट लिए।

जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब की टीम देव प्रताप के 40 रन, आरव सैनी के 27 रन, आदित्य चौधरी के 50 रन नाबाद से 47 ओवर में 176 रन बनाकर आउट हो है। चंबल स्पोर्ट्स ने 21 रनो से जीत दर्ज की। चंबल स्पोर्ट्स के लिए पूरव शर्मा ने 28 पर 3 हिमान्य भारद्वाज ने 35 पर 3 व अभिजय भंडारी ने 30 पर 2 विकेट लिए।